भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
07.08.2024 के
अतारांकित प्रश्न सं. 2555 का उत्तर

एक्सप्रेस रेलगाड़ियों में महिला डिब्बे

2555. श्री एम. के. राघवन:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने संज्ञान लिया है कि संपूर्ण केरल में एक्सप्रेस और अन्य रेलगाड़ियों में महिला डिब्बों की संख्या आवश्यकता से कम है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या कालीकट-कन्नूर और कालीकट-एर्णाकुलम खंड पर अधिक मेनलाइन इलेक्ट्रिक मल्टीपल यूनिट (एमईएमयू) रेलगाड़ियां चलाने के लिए कोई कदम उठाए जा रहे हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने संज्ञान लिया है कि अत्यधिक भीड़ और तत्काल टिकट मिलने की कम संभाव्यता के कारण यात्रियों को तत्काल प्लेटफॉर्म का उपयोग करके रेलगाड़ी में आरक्षण प्राप्त करने में असुविधा हो रही है और यदि हां, तो सभी यात्रियों को तत्काल टिकट उपलब्ध कराने के लिए उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सरकार ने संज्ञान लिया है कि कालीकट से विभिन्न स्थानों के लिए पर्याप्त रेलगाड़ियों की कमी के कारण बड़ी संख्या में यात्री प्रतीक्षा सूची में रह जाते हैं और यदि हां, तो इस स्थिति को सुधारने के लिए उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (घ): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

****

एक्सप्रेस रेलगाड़ियों में महिला डिब्बे के संबंध में दिनांक 07.08.2024 को लोक सभा में श्री एम. के. राघवन के अतारांकित प्रश्न सं. 2555 के भाग (क) से (घ) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क) से (घ): वर्तमान में, महिलाओं के लिए रेलगाड़ियों में कुछ निश्चित संख्या में शायिकाएं निर्धारित की जाती हैं। ईएमयू (इलेक्ट्रिकल मल्टीपल यूनिट)/डीएमयू (डीजल मल्टीपल यूनिट)/एमएमटीएस (मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट सिस्टम) रेलगाड़ियों और लोकल पैसेंजर रेलगाड़ियों में मांग के स्वरूप के साथ-साथ सीटों की उपलब्धता के आधार पर विशेष रूप से महिला यात्रियों के लिए अनारक्षित सवारी डिब्बे/कंपार्टमेंट भी उपलब्ध कराए जाते हैं। अखिल भारतीय आधार पर महिलाओं के लिए निर्धारित आरक्षित सीटों की वर्तमान उपयोगिता लगभग 80% है।

भारतीय रेल में, तत्काल एकोमोडेशन सहित रेलगाड़ियों में आरक्षित एकोमोडेशन की मांग पूरे वर्ष एकसमान नहीं होती है और यह कम व्यस्त अवधि और अति व्यस्त अवधि के साथ-साथ सप्ताह के विभिन्न दिनों में भी घटती-बढ़ती रहती है। भीड़भाड़ वाली व्यस्ततम अवधि/दिनों के दौरान आरक्षित एकोमोडेशन की मांग अधिक होती है, जबकि कम व्यस्त अवधि के दौरान सामान्य श्रेणी में पुष्टिशुदा आरक्षित एकोमोडेशन के साथ-साथ तत्काल कोटा तुलनात्मक रूप से लंबी अवधि के लिए उपलब्ध रहता है। यात्रियों को इंटरनेट के माध्यम से तत्काल टिकटों सहित आरक्षित टिकट खरीदने में सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से, 2014 में संवर्धित सर्वर क्षमता के साथ नेक्स्ट जेनरेशन ई-टिकटिंग (एनजीईटी) प्रणाली शुरू की गई थी। इसकी क्षमता को लगातार अपग्रेड किया गया है और वर्तमान में, इंडियन रेलवे केटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन (आईआरसीटीसी) की वेबसाइट पर प्रति मिनट 28,000 से अधिक टिकट बुक करने की क्षमता है।

वर्तमान में, कालीकट-कन्नूर खंड को दो मेमू सेवाओं सहित 55 जोड़ी रेलगाड़ी सेवाओं द्वारा सेवित किया जा रहा है। इसी तरह, कालीकट-एर्णाकुलम खंड को 38 जोड़ी रेलगाड़ी सेवाओं द्वारा सेवित किया जा रहा है। इसके अलावा, भारतीय रेल में मेमू सेवाओं सहित नई रेलगाड़ियों की शुरूआत करना यातायात औचित्य, परिचालनिक व्यवहार्यता, संसाधनों की उपलब्धता आदि के अध्यधीन, एक सतत प्रक्रिया है।

******